100वीं जयंती मनी

पूर्व राष्ट्रपति आर वेंकटरमण की जयंती पर कार्यक्रम

i next reporter

KANPUR (4 Dec) सिटी में शनिवार को पूर्व राष्ट्रपति डा. आर. वेंकटरमण की सौवीं जयंती के मौके पर तात्यागंज स्थित अपना घर में कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत समाज सेवी व बाल साहित्यकार राष्ट्रबंधु ने पूर्व राष्ट्रपति के चित्र पर माल्यार्पण कर की. इस मौके पर डा. वेंकटरमण की बेटी विजया रामचंद्रन व उनके पति डा. रामचंद्रन ने भी पूर्व राष्ट्रपति को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की. अपना घर के बच्चों ने इस मौके पर गीत व नुक्कड़ नाटक सवा सेर गेहूं प्रस्तुत किया. बाल साहित्यकार राष्ट्रबंधु ने अक्कड़-बक्कड़ बंबे बोल गीत भी सुनाया. देश के प्रति पूर्व राष्ट्रपति के योगदान को भी याद किया गया. इस मौके पर एलके शुक्ला, मनोज शुक्ला, कृपाशंकर, स्वराज्य, महेश पाण्डेय, पुष्पा, प्रदीप और अपना घर और अपना स्कूल के बच्चे मौजूद रहे.

PIC : I NEXT



जयंती के मौके पर पेड़ लगाया गया.